**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0 सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (भागलपुर प्र0)–08/2025...4178...**पटना, दिनांक** : 24/07/2025

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका का पत्रांक 129 दिनांक 23.01.2025 द्वारा श्री आलोक कुमार (SCL13899), विशेष सर्वेक्षण लिपिक के विरुद्ध दिनांक 10.07.2024 को योगदान के पश्चात् अनाधिकृत रुप से लगातार अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 811 दिनांक 20.02.2025 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। प्राप्त स्पष्टीकरण पर बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका का पत्रांक 605 दिनांक 29.04.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी, बाँका से प्राप्त मंतव्य में दिनांक 10.07.2024 को योगदान देने के पश्चात् अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित रहने एवं लगभग 8 महीने की अवधि में उनके द्वारा मात्र दो बार (31.07.2024 को 6 दिन तथा 06.08.2024 को 5 दिन का) आकस्मिक अवकाश का आवेदन भेजे जाने को उल्लेख किया गया है साथ ही नियोजन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आंदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री आलोक कुमार (SCL13899), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

24/7

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (भागलपुर प्र0)–08/2025...4198...**पटना, दिनांक** : 24/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्री आलोक कुमार (SCL13899), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (भागलपुर प्र0)–08/2025...4198...**पटना, दिनांक** 24/07/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0आ0 (भागलपुर प्र0)—08/2025 4178 **पटना, दिनांक** 25/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

२५/७

**निदेशक**

भू—अभिलेख एवं परिमाप